प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का करेंगे शुभारंभ ।
- शिमला में आज से तीन दिवसीय हिम एम.एस.एम.ई. फैस्ट होगा शुरू–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे शुभारंभ।
- प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 8 लाख 41 हजार से अधिक लोगों को प्रदान की जा रही है सामाजिक सुरक्षा पैंशन।
- प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी–5 जिलों के कुछ स्थानों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज।

प्रधानमंत्री पिपरहवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि पिपरहवा अवशेषों का वर्ष 1898 में पता चला था और प्रारम्भिक पुरातात्तविक सर्वेक्षण में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दिन इतिहास, संस्कृति और भगवान बुद्ध के आदर्शों के प्रति प्रेम रखने वालों के लिए विशेष है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में एक सदी से अधिक समय बाद वापस लाए गए पिपरहवा अवशेषों के साथ–साथ राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली और भारतीय संग्रहालय, कोलकाता के संरक्षित पिपरहवा के प्रामाणिक अवशेष और पुरातात्विक सामग्री भी प्रदर्शित की गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के महान विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह देश के युवाओं और इसकी समृद्ध संस्कृति के बीच संबंध बढाने का भी एक प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने इन अवशेषों की वापसी के लिए काम करने वाले सभी लोगों की सराहना की।

हिमफैस्ट

उद्योग विभाग द्वारा आज से शिमला में 3 दिवसीय हिम एमएसएमई फेस्ट–2026 का आयोजन किया जाएगा। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 5 जनवरी तक चलने वाले इस हिम एमएसएमई फेस्ट का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि फेस्ट में फैक्ट्री आउटलेटस और प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हिमाचली पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ये आयोजन प्रदेश सरकार के आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करते हुए नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये फेस्ट प्रदेश के लघु, शूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टॉर्टटप के सपनों को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 8 लाख 41 हजार 9 सौ 17 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। शिमला में कल सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के तहत कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत जनजातीय क्षेत्र पांगी, लाहौल–स्पीति, डोडरा क्वार और कुपवी में पात्र लाभार्थियों को बकाया निधि का शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बीते तीन वर्षों के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 99 हजार 7 सौ 99 नए मामले स्वीकृत किए गए हैं।

बाल विकास

केंद्रीय महिला व बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत ऊना जिला में भी लोगों को बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददाता की यह रिपोर्ट.........................

वर्ष 2030 तक भारतवर्ष को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। इस संदर्भ मैं जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि बाल विवाह के संभावित मामलों की शिकायत दर्ज करवाएँ और जागरूक समाज यह भी सुनिश्चित करे कि प्रत्येक लड़की शिक्षित, सुरक्षित हो और सपनों को साकार करने के लिए स्वतंत्र हो। । 27 नवंबर 2025 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक वर्ष पूरा हो गया है और अब इसको आगे बढ़ाने के लिए 100 दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो कि 8 मार्च 2026 तक चलेगा।

वर्षांत–वित्त

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष की नीतियों से प्रगति को नई दिशा मिली और इरादों के सार्थक परिणाम मिले। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में प्रस्तुत है 2025 के दौरान वित्त क्षेत्र में भारत की प्रगति। पेश है यह रिपोर्ट———————

2025 में समानता, नवाचार, तकनीक और वैश्विक प्रभाव के क्षेत्र में भारत की प्रगति को दुनिया भर में बड़ी पहचान मिली। वर्ल्ड बैंक ने भारत को दुनिया के सबसे समान समाजों में से एक बताया। भारत का जी इंडेक्स 25 दशमलव 5 रहा, जो चीन, अमरीका और सभी ळ7 तथा जी20 देशों से बेहतर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में सामाजिक सुरक्षा का दायरा 2015 में 19 प्रतिशत था, जो 2025 में बढ़कर 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई को दुनिया की सबसे बड़ी रियल टाइम भुगतान प्रणाली बताया है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन ने बताया कि भारत में अमूर्त संपत्तियों में निवेश तेजी से बड़ा है, जिससे भारत, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। गरीबी कम करना, भारत की बड़ी उपलब्धि रही है। पिछले 10 वर्षों में 17 करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं। भारत की संस्कृति और नवाचार की पहचान भी बढ़ी है, यूनेस्को से सम्मान मिला है और ग्लोबल इन्नोवेशन इंडेक्स में भारत 38 स्थान पर पहुंच गया है।

मौसम

पिछले दिनों हुई बर्फबारी व बारिश के बाद प्रदेश में शीतलहर बढ़ गई है। राज्य के पांच जिलो किन्नौर, लाहौल–स्पिति, चंबा, कुल्लू व शिमला के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। पिछले 24 घंटों में लाहौल–स्पिति जिले के ताबो में सबसे कम न्यूनतम तापमान माइनस 6 दशमलव 6 दर्ज किया गया। उधर मंड़ी, बिलासपुर, सिरमौर व कांगड़ा के कई क्षेत्रों में सुबह व शाम घना कोहरा पड़ रहा है। मौसम विभाग ने घने कोहरे को लेकर इन 4 जिलों के लिए छह जनवरी तक यलो अलर्ट  जारी किया है। वहीं विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले 3 दिन तक मौसम साफ बने रहने का पूर्वानुमान है।

कांग्रेस –नियुक्ति

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के 11 संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणूगोपाल ने कल देर शाम इस संबंध में अधिसूचना जारी की की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। अभी किन्नौर जिला और शिमला ग्रामीण के अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी शेष हैं।

एग्रो स्टॉक योजना

केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए एग्रो स्टॉक योजना शुरू की गई है। इस योजना में किसानो को पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया गया है और योजना में पंजीकरण न करवाने पर किसानों को किसान सम्मान निधि की प्रतिवर्ष 6 हजार मिलने वाली राशि बंद हो जायेगी। सोलन के जिला कृषि अधिकारी डॉ. अरुण शर्मा ने बताया कि इस योजना में किसान स्वयं भी एग्री हिमाचल पर जाकर पंजीकरण कर सकते है या अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र में निशुल्क पंजीकरण करवा सकते है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला व हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–तहसीलदार सप्ताह में तीन दिन करेंगे तकसीम मामलों की सुनवाई। दैनिक जागरण लिखता है–तकसीम मामलों की निगरानी करेंगे सीएम। पंजाब केसरी का शीर्षक है–हिमाचल के कई किसानों की अटक सकती है पी.एम. किसान निधि। मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–मंडी के सिराज में दूसरे दिन भी हुई बर्फबारी, अगले 72 घंटे तक शीतलहर की चेतावनी। आपका फैसला लिखता है–हिमाचल में 6 जनवरी को फिर करवट लेगा मौसम।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का करेंगे शुभारंभ ।
- शिमला में आज से तीन दिवसीय हिम एम.एस.एम.ई. फैस्ट होगा शुरू–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे शुभारंभ।

- प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 8 लाख 41 हजार से अधिक लोगों को प्रदान की जा रही है सामाजिक सुरक्षा पैंशन।

  और

- प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी–5 जिलों के कुछ स्थानों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज

---